# उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून की सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की बीसवीं बैठक दिनांक 28.05.2020 का कार्यवृत्त

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित थेः–

1. **प्रो० नरेन्द्र एस० चौधरी, कुलपति।** – अध्यक्ष
2. **डीन**, कॉलेज ऑफ टैक्नोलॉजी, गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर। – सदस्य (ऑनलाइन उपस्थित)
3. **निदेशक**, इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, टनकपुर। – सदस्य (ऑनलाइन उपस्थित)
4. **निदेशक**, एस०आई०एच०एम० एण्ड सी०टी०, टिहरी। – सदस्य
5. **निदेशक**, आम्रपाली इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, हल्द्वानी। – सदस्य (ऑनलाइन उपस्थित)
6. **निदेशक**, जी०बी०पी०आई०ई०टी० घुड़दौड़ी, पौड़ी गढ़वाल। – सदस्य (ऑनलाइन उपस्थित)
7. **निदेशक**, शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, देहरादून। – सदस्य
8. **निदेशक**, बी.टी.के.आई.टी., द्वाराहाट – सदस्य (ऑनलाइन उपस्थित)
9. **निदेशक/प्राचार्य**, सिद्धार्था लॉ कॉलेज, देहरादून। – सदस्य (ऑनलाइन उपस्थित)
10. **डॉ० अनीता चौहान**, राजकीय महाविद्यालय रायपुर, देहरादून। – सदस्य
11. **प्रो० अनीता रावत**, कुलसचिव, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून। – आमंत्रित
12. **श्रीमती कविता नबियाल**, वित्त नियंत्रक, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून। – आमंत्रित
13. **निदेशक**, महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, देहरादून। – आमंत्रित
14. **सहायक कुलसचिव**, , उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून। – आमंत्रित
15. **आर० पी० गुप्ता**, परीक्षा नियंत्रक, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय। – सदस्य सचिव

बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व मा० कुलपति महोदय/अध्यक्ष परीक्षा समिति द्वारा समिति के सभी सम्मानित सदस्यों एवं आमंत्रितों का स्वागत किया गया, जिसके उपरान्त बैठक प्रारम्भ की गयी।

एजेण्डा बिन्दु–20 (1)

परीक्षा समिति की उन्नीसवीं बैठक दिनांक 06.12.2019 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि। **(प/क पर संलग्न)**

विनिश्चय :– समिति की बीसवीं बैठक में उन्नीसवीं बैठक दिनांक 06.12.2019 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की गई।

एजेण्डा बिन्दु –20(2)

विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षा 2020 की परीक्षा तिथियों को यू०जी०सी० गाइडलाइन के अनुसार माह जुलाई 2020 से प्रारम्भ किये जाने के लिए परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत। साथ ही प्रायोगिक परीक्षाओं को आयोजित करने की तिथियों पर भी चर्चा।

अनुमोदनार्थ/प्रस्तावितः–

The following modified calendar is suggested for the academic session 2019-20 :

| | |
|---|---|
| Start of Even Semester | 01.01.2020 |
| Suspension of Classes | 16.03.2020 |
| Continuation of Teaching-Learning through various modes such as online Learning/Distance Learning/Social media (WhatsApp/Youtube)/E-mails/Video Conferencing/Mobile Apps/SWAYAMPRABHA Channels on DTH etc. | 16.03.2020 to 31.05.2020 |
| Finalisation of Dissertation/Project Work/Internship Reports/E-Labs/Completion of Syllabus/Internal Assessment/Assignment/Students Placement Drive etc. | 01.06.2020 to 15.06.2020 |

| Summer Vacations # | 16.06.2020 to 30.06.2020 |
|---|---|
| Conduct of Examinations:<br>(i) Terminal Semester/Year<br>(ii) Intermediate Semester/Year | 01.07.2020 to 15.07.2020<br>16.07.2020 to 31.07.2020 |
| Evaluation and Declaration of Result:<br>(i) Terminal Semester/Year<br>(ii) Intermediate Semester/Year | 31.07.2020<br>14.08.2020 |

उपरोक्तानुसार अन्तिम वर्ष/सेमेस्टर की परीक्षाएं 06 जुलाई 2020 से प्रस्तावित हैं। इसके साथ–साथ अन्तिम वर्ष के परीक्षार्थियों हेतु विषम तथा सम सेमेस्टर की बैक पेपर परीक्षाएं भी प्रस्तावित हैं। Social Distancing का पालन करते हुए इस बार तीन पालियों में सुबह 7 से 10 बजे, 11 से 2 बजे एवं 3 से 6 बजे तक परीक्षाएं आयोजित की जायेंगी जिसमें प्रथम पाली में मुख्य परीक्षा एवं शेष पालियों में बैक पेपर परीक्षा आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

प्रायोगिक परीक्षाएं लिखित परीक्षा के बाद आयोजित की जायेंगी जो 01 हफ्ते में पूर्ण कर ली जायेंगी। Intermediate Semester/Year की परीक्षाएं 17 जुलाई से प्रस्तावित हैं।

विनिश्चः–

बैठक में उपरोक्तानुसार यू०जी०सी० द्वारा प्रस्तावित संशोधित कैलेण्डर पर चर्चा की गयी। तद्नुसार प्रस्ताव के अनुसार अन्तिम वर्ष/सेमेस्टर की परीक्षाएं 06 जुलाई, 2020 से एवं Intermediate Semester/Year की परीक्षाएं 17 जुलाई, 2020 से कराने हेतु परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदन दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्तिम वर्ष की परीक्षाओं के विषम एवं सम सेमेस्टर की बैक परीक्षाएं कराने तथा Intermediate Semester/Year की परीक्षाओं के साथ सम सेमेस्टर की बैक परीक्षाएं कराने हेतु भी अनुमोदन दिया गया। कोविड–19 समस्या के कारण Social Distancing का पालन करने के लिए एक केन्द्र पर एक पाली में कम परीक्षार्थी परीक्षा दे के क्रम में इस बार तीन पालियों में सुबह 7 से 10 बजे, 11 से 2 बजे एवं 3 से 6 बजे तक परीक्षाएं आयोजित कराने हेतु भी अनुमोदन दिया गया। इसके अतिरिक्त परीक्षा समिति द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षाओं को सम्बन्धित सेमेस्टर/वर्ष की लिखित परीक्षाएं आयोजित होने के बाद आयोजन हेतु सहमति प्रदान की गयी। उपरोक्तानुसार परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा समय–सारणी तैयार करने एवं निर्गत करने हेतु अधिकृत किया गया। परीक्षा समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि इस सम्बन्ध में AICTE/UGC/PCI एवं अन्य मानक संस्थाओं द्वारा जारी गाइडलाइन का अनुपालन सुनिश्चित करने के साथ – साथ भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार यदि परीक्षा तिथियों में किसी परिवर्तन की आवश्यकता हो तो तद्नुसार इस हेतु मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया।

<u>एजेण्डा बिन्दु –20(3)</u>

विश्वविद्यालय की जुलाई 2020 से प्रस्तावित तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर मुख्य परीक्षाओं के साथ ही विषम–सेमेस्टर की बैक परीक्षाओं के संचालन/सम्पादन के लिए विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्ध संस्थानों को परीक्षा केन्द्र बनाये जाने के लिए मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत करने हेतु परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

अनुमोदनार्थ/प्रस्तावितः– इस वर्ष विषम सेमेस्टर परीक्षाओं में जो केन्द्र बनाये गये थे पूर्व की भांति उनको ही परीक्षा केन्द्र बनाया जाना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त विशेष परिस्थितियों में Social Distancing का पालन करने आदि कारणों से नये परीक्षा केन्द्रों को बनाये जाने हेतु मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है।

प्राप्त सुझाव :– कुछ सदस्यों द्वारा यह सुझाव दिया गया कि प्रदेश के बाहर के छात्रों की कोविड–19 के समय यात्रा एवं उनके कोरोना से संक्रमण न होने के सम्बन्ध में भी विचार किया जाय तथा स्थानीय छात्र जो देहरादून, रूड़की या हल्द्वानी के निवासी हैं एवं वर्तमान में इन शहरों में रह रहे हैं तथा उत्तराखण्ड के अन्य संस्थाओं में अध्ययनरत् हैं उनके कॉलेज के केन्द्र बनाने के अतिरिक्त उनकी परीक्षाएं देहरादून, रूड़की या हल्द्वानी में ही आयोजित कराने हेतु अतिरिक्त परीक्षा केन्द्र बनाने के लिए विचार किया जाय।

विनिश्चय :– समयक् विचार उपरान्त परीक्षा समिति द्वारा निम्न निर्णय लिये गये :–

1. पूर्व में परीक्षाओं के संचालन में आयी कठिनाईयों/शिकायतों/समस्याओं के दृष्टिगत रखते हुए पूर्व बनाये गये परीक्षा केन्द्रों हेतु समयक् विचार किया जाय एवं ऐसी संस्थाओं को पुनः परीक्षा केन्द्र न बनाया जाय।
2. Social Distancing के कारण परीक्षा केन्द्रों की संख्या बढ़ाने हेतु परीक्षा समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त Social Distancing का पालन करने हेतु एक कमरे में न्यूनतम छात्रों की संख्या में परिवर्तन करने हेतु भी सहमति व्यक्त की गयी।
3. समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि यदि कोविड–19 के कारण किसी छात्र को अपने मूल परीक्षा केन्द्र/संस्था में परीक्षा में सम्मिलित होने में कोई समस्या होगी तो तद्नुसार तत्समय विशेष

परिस्थितियों में सम्बन्धित छात्र के परीक्षा केन्द्र परिवर्तन हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया।

4. छात्रों के संस्थाओं में परीक्षा के लिए उपस्थित होने हेतु तत्समय जारी राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार की गाइडलाइन एवं एस.ओ.पी. का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा एवं तद्नुसार तत्समय समयान्तर्गत मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परिवर्तन करने हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया। इसके अतिरिक्त यह भी निर्णय लिया गया कि विशेष समस्या उत्पन्न होने पर आकस्मिक रूप से निर्णय लेने हेतु परीक्षा समिति की परीक्षा के पूर्व पुनः बैठक आयोजित की जायेगी।

उपरोक्तानुसार परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण करने हेतु एवं परीक्षा सम्बन्धी अन्य निर्णय लेने हेतु मा० कुलपति के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु –20(4)**

विश्वविद्यालय की प्रस्तावित सम सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षकों एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के साथ ही उडनदस्ते के संयोजक/सदस्यों की नियुक्ति के लिए मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत करने के लिए परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

अनुमोदनार्थ/प्रस्तावितः– यथा – आवश्यकतानुसार विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षकों, पर्यवेक्षकों एवं उड़नदस्तों आदि तथा परीक्षा कार्यों हेतु परीक्षा कार्मिकों क नियुक्ति व तैनाती के लिए मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है।

विनिश्चय :– परीक्षा नियंत्रक को परीक्षकों, पर्यवेक्षकों एवं उड़नदस्तों आदि के सदस्यों/संयोजकों को नामित करने हेतु इस आशय से अधिकृत किया गया कि उपरोक्त कार्य हेतु सदस्यों की वरिष्ठता का ध्यान रखा जाय एवं सेवानिवृत्त कार्मिकों की सेवा ली जाय।

**एजेण्डा बिन्दु –20(5)**

जुलाई 2020 से प्रस्तावित सम सेमेस्टर की मुख्य एवं बैक परीक्षाओं हेतु प्रश्नपत्र बनवाये जाने हैं, चूँकि यह कार्य गोपनीय प्रकृति है। अतः यह कार्य परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जाना है। इस प्रकरण पर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निर्णय लिया जाना उचित होगा।

अनुमोदनार्थ/प्रस्तावितः– **विश्वविद्यालय की परिनियमावली के बिन्दु संख्या 2.06–14 के अनुसार परीक्षा नियंत्रक परीक्षा समिति के अनुमोदन से प्रश्नपत्र तैयार करने वालों, सारणीकारों, संयोजकों, अनुसीमकों, पर्यवेक्षकों ओर द्रुतगामी दलों आदि की नियुक्ति करेगा और परीक्षकों, प्रश्नपत्र निर्माणकर्ताओं, अनुसीमकों तथा परीक्षा से सम्बन्धित गोपनीय प्रयोजनों के लिये आमंत्रित व्यक्तियों के यात्रा भत्ता और पारिश्रमिक के बिल के सम्बन्ध में नियंत्रक अधिकारी होगा।** अतः गोपनीय सामग्री/प्रश्नपत्र इत्यादि को बनवाने एवं छपवाने आदि गोपनीय कार्य हेतु अधिनियम के प्राविधानों के अनुसार एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों के अनुसार मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त सम सेमेस्टर परीक्षा के परीक्षा परिणाम सम्बन्धी गोपनीय कार्य हेतु भी मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है। यह भी अवगत कराना है कि सेमेस्टर परीक्षा एवं बैक पेपर परीक्षाओं हेतु प्रत्येक प्रश्न पत्र के न्यूनतम 2 सेट बनवाने के लिए परीक्षा समिति के सम्मुख अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चय :– प्रक्रिया अनुसार एवं नियमान्तर्गत मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त प्रस्तावित कार्य हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु –20(6)**

जुलाई 2020 की सम सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन सम्बन्धी कार्य परीक्षा नियंत्रक द्वारा किये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

अनुमोदनार्थ/प्रस्तावितः– उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य परीक्षाओं के साथ–साथ समानान्तर रूप में किया जाना 15 जुलाई से प्रस्तावित है। इस हेतु विभिन्न परीक्षकों की नियुक्ति एवं मूल्यांकन कार्य हेतु कार्मिकों की नियुक्ति तथा मूल्यांकन कार्य हेतु अन्य व्ययों हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है।

विनिश्चय :– कोविड–19 की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि देहरादून केन्द्र के अतिरिक्त यदि हल्द्वानी में एक अतिरिक्त मूल्यांकन केन्द्र बनाया जाना हो तो तत्समय मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को उपरोक्त कार्य हेतु अधिकृत किया जाता है।

**एजेण्डा बिन्दु –20(7)**

जुलाई 2020 की सम सेमेस्टर परीक्षाओं के परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरवाये जा रहे हैं/जाने हैं, अतः परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

अनुमोदनार्थ/प्रस्तावितः– परीक्षा समिति के अनुमोदन की प्रत्याशा में उक्त कार्य सम्पन्न हो गया है कृपया कार्येत्तर परीक्षाओं के परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरवाये एवं इस हेतु कम्पनी को हायर करने के लिए मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है।

विनिश्चय :– समिति द्वारा कार्येत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी एवं मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त कम्पनी को हायर करने के लिए परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु –20(8)**

विश्वविद्यालय की प्रस्तावित सम सेमेस्टर की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के पुनः मूल्यांकन सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा परिणाम घोषित होने के एक माह बाद निस्तारण पर चर्चा।

अनुमोदनार्थ/प्रस्तावितः– सम सेमेस्टर की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के पुनः मूल्यांकन हेतु एक तिथि निर्धारित करने तथा परीक्षा परिणाम घोषित होने के 15 दिनों के भीतर पुनः मूल्यांकन सम्बन्धी प्रकरणों को निस्तारित किये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है।

विनिश्चय :– समिति द्वारा सम सेमेस्टर की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के पुनः मूल्यांकन हेतु एक तिथि निर्धारित करने तथा परीक्षा परिणाम घोषित होने के 15 दिनों के भीतर पुनः मूल्यांकन सम्बन्धी प्रकरणों को निस्तारित किये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया। समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि एक विषय का एक ही बार एक साथ पुनः मूल्यांकन कार्य कराया जाय जिससे कि बार–बार इस कार्य हेतु परीक्षकों को न बुलाना पड़े।

**एजेण्डा बिन्दु –20(9)**

यू०के०एस०ई०ई० प्रवेश परीक्षा 2020 को आयोजित करने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

अनुमोदनार्थ/प्रस्तावितः– यू०के०एस०ई०ई० प्रवेश परीक्षा 2020 की परीक्षा तिथि, परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा का प्रकार (ऑनलाइन/ऑफ लाइन) निर्धारित करने हेतु मा० कुलपति महोदय से चर्चा एवं अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त गोपनीय कार्य होने के कारण आवेदन फार्म भरने, परीक्षा परिणाम घोषित करने एवं पेपर सेट इत्यादि करने हेतु भी एजेन्सी को निर्धारित करने के लिए मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है।

विनिश्चय :– यू०के०एस०ई०ई० प्रवेश परीक्षा 2020 की परीक्षा तिथि, परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा का प्रकार (ऑनलाइन/ऑफ लाइन) निर्धारित करने हेतु मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया एवं गोपनीय कार्य होने के कारण आवेदन फार्म भरने, परीक्षा परिणाम घोषित करने एवं पेपर सेट इत्यादि करने हेतु भी एजेन्सी को निर्धारित करने के लिए मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया। इसके अतिरिक्त यह भी निर्णय लिया गया कि माह जून के प्रथम/द्वितीय सप्ताह में यू०के०एस०ई०ई० प्रवेश परीक्षा 2020 हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी जायेगी तथा इस बार बी०आर्क० तथा बी० डिजाइन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु भी परीक्षा आयोजित की जाय।

**एजेण्डा बिन्दु –20(10)**

विश्वविद्यालय की प्रस्तावित सम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षाओं के परीक्षकों की नियुक्ति परीक्षा नियंत्रक द्वारा करने के लिए परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

अनुमोदनार्थ / प्रस्तावितः— सम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षाओं के परीक्षकों की नियुक्ति करने हेतु मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है।

विनिश्चय :— सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए वरिष्ठता के अधार पर परीक्षकों की नियुक्ति करने हेतु मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया। इसके अतिरिक्त संस्थानों से प्राप्त सुझावों के अनुसार यह भी निर्णय लिया गया कि कोविड–19 की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय परीक्षकों की नियुक्ति हेतु प्रयास किया जाय।

**एजेण्डा बिन्दु –20(11)**

यू०एफ०एम० (अनुचित साधन प्रयोग) के विद्यार्थियों के केस परीक्षा समाप्त होने के एक माह बाद निस्तारण पर चर्चा।

अनुमोदनार्थ / प्रस्तावितः— यू०एफ०एम० (अनुचित साधन प्रयोग) के विद्यार्थियों के प्रकरण परीक्षा समाप्त होने के एक माह बाद निस्तारित किये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है।

विनिश्चय :— यू०एफ०एम० (अनुचित साधन प्रयोग) के विद्यार्थियों के प्रकरण परीक्षा समाप्त होने के एक माह बाद निस्तारित किये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु –20(12)**

विश्वविद्यालय की प्रस्तावित सम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नोडल केन्द्र बनाये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

अनुमोदनार्थ / प्रस्तावितः— पूर्व सेमेस्टर की भांति सम सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु विभिन्न क्षेत्रों में निम्न चार नोडल केन्द्र बनाये जाने हेतु मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया जाना प्रस्तावित हैः—

1. आम्रपाली इंस्टीट्यूट, हल्द्वानी। 2. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग रूड़की।
3. डी.आई.ई.टी. ऋषिकेश। 4. यू.टी.यू. देहरादून।

विनिश्चय :— सम सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु विभिन्न क्षेत्रों में निम्न चार नोडल केन्द्र बनाये जाने हेतु मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत गया :—

1. आम्रपाली इंस्टीट्यूट, हल्द्वानी। 2. आर. आई. टी. रूड़की।
3. डी.आई.ई.टी. ऋषिकेश। 4. यू.टी.यू. देहरादून।

समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि नये प्रस्तावित नोडल केन्द्र आर. आई. टी. रूड़की हेतु वहां की व्यवस्थाओं का परीक्षण सुनिश्चित कर लिया जाय जिससे कि परीक्षा के आयोजन में कोई समस्या ना हो।

**एजेण्डा बिन्दु –20(13)**

विश्वविद्यालय की प्रस्तावित सम सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का विश्वविद्यालय परिसर में ही केन्द्रीयकृत मूल्यांकन कराये जाने तथा मूल्यांकन कार्य हेतु अनुभवी अध्यापक नियुक्त किये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

अनुमोदनार्थ / प्रस्तावितः— सम सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का केन्द्रीयकृत मूल्यांकन कराये जाने एवं मूल्यांकन से सम्बन्धित अन्य आवश्यक कार्यों हेतु मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है।

विनिश्चय :— सम सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का केन्द्रीयकृत मूल्यांकन कराये जाने एवं मूल्यांकन से सम्बन्धित अन्य आवश्यक कार्यों हेतु मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु –20(14)**

विश्वविद्यालय के एम०टैक० पाठ्यक्रम की अंकतालिकाओं को Grading System (CGPA Pattern) से बनाया जाना है। अंकतालिकाओं के मुद्रण हेतु इन पाठ्यक्रमों के लिए नये पैर्टन से Software तैयार किया जाना है। अतः परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

अनुमोदनार्थ / प्रस्तावितः– Software तैयार किया गया है। इसको लागू किये जाने के लिए परीक्षा समिति के सम्मुख अनुमोदन हेतु प्रस्तुत।

विनिश्चय :– विश्वविद्यालय के एम०टैक० एवं एम० फार्मा पाठ्यक्रम की अंकतालिकाओं को Grading System (CGPA Pattern) से बनाये जाने हेतु एवं अंकतालिकाओं के मुद्रण हेतु तथा इन पाठ्यक्रमों के लिए नये पैर्टन से Software तैयार करने हेतु मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया।

एजेण्डा बिन्दु –20(15)

परीक्षा सम्बन्धी अभिलेखों की बिडिंग हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

अनुमोदनार्थ / प्रस्तावितः– पूर्व में इस हेतु समिति निर्धारित की गयी थी। पुनः उसी समिति से दो माह के अन्दर रिपोर्ट देने के लिए परीक्षा समिति के सम्मुख अनुमोदन हेतु प्रस्तुत।

सुझाव / प्रस्ताव :– समिति के सदस्यों द्वारा यह सुझाव दिया गया कि बिडिंग के साथ–साथ पुरानी कॉपियों को Auction के लिए कार्यवाही पूर्व परीक्षा समिति के निर्णय के अनुसार शीघ्र की जाय।

विनिश्चय :– पूर्व गठित समिति द्वारा कार्य ना करने के कारण परीक्षा समिति द्वारा उक्त कार्य हेतु नियमानुसार सम्पादित कराने के लिए परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया। इसके अतिरिक्त प्राप्त सुझाव के अनुसार पुरानी कॉपियों के Auction के लिए भी नियमानुसार कुलपति माहोदय के अनुमोदन उपरान्त कार्यवाही हेतु समिति बनाकर कार्य को सम्पादित करने हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया।

अन्य बिन्दु–

1. वर्तमान में 12 Specialization मे एम० टैक संचालित है लेकिन कई Specialization में मात्र 02 या 03 छात्र ही पंजीकृत हैं। ऐसे Specialization को संचालित करने में विश्वविद्यालय को हर वर्ष वित्तीय हानि हो रही है। अतः इसको दृष्टिगत रखते हुए जिन Specialization में छात्रों की संख्या न्यून हो उनको आगामी सत्र में बन्द किया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु एक कमेटी का निर्धारण किया जाना परीक्षा समिति के सम्मुख विचारार्थ प्रस्तुत है।

**विनिश्चय** :– प्रकरण / प्रस्ताव परीक्षा समिति के अधिकार क्षेत्र में ना होने के कारण परीक्षा समिति द्वारा Noted.

2. परीक्षा विभाग के पास परीक्षा सम्बन्धी विभिन्न कार्यों यथा मूल्यांकन, कॉपियों के रखने, स्कैनिंग हेतु पर्याप्त स्थान नहीं है तथा परीक्षकों को ठहराने हेतु गेस्ट हाउस भी नहीं है, अतः इसके लिए परीक्षा सम्बन्धी बचतों से अलग से विश्वविद्यालय में अलग से परीक्षा भवन बनवाने (गेस्ट हाउस को समाहित करते हुए) का प्रस्ताव परीक्षा समिति के सम्मुख प्रस्तुत है। तब तक विश्वविद्यालय का टिन शेडेड भवन जो महिला प्रौद्योगिकी संस्थान के पास है उसको परीक्षा सम्बन्धी कार्यों हेतु परीक्षा विभाग को आबंटित करने एवं आवश्यकतानुसार उसके अनुरक्षण हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**विनिश्चय** :– परीक्षा समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि कार्य की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए कुलसचिव, वित्त नियंत्रक एवं परीक्षा नियंत्रक इस सम्बन्ध में निदेशक, महिला प्रौद्योगिकी संस्थान से वार्ता कर कार्यवाही करेंगे।

3. परीक्षा विभाग में परीक्षा नियंत्रक के अतिरिक्त कोई भी अधिकारी तैनात नहीं है, अतः परीक्षा सम्बन्धी कार्यों के संचालन हेतु समय–समय पर तकनीकी शिक्षा विभाग एवं अन्य विभाग / इंजीनियरिंग कॉलेज के अधिकारियों / कर्मचारियों को विश्वविद्यालय के नियमानुसार पारिश्रमिक / मानदेय पर नामित करने हेतु मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत करने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**विनिश्चय** :– नियमानुसार मा० कुलपति महोदय के द्वारा प्रस्ताव के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया।

4. परीक्षा सम्बन्धी कार्य परीक्षा के समय एवं मूल्यांकन के समय प्रायः Early Morning से लेकर देर शाम तक सम्पन्न किया जाता है अतः इस कार्य में लगे परीक्षा विभाग के कार्मिकों एवं अन्य कार्मिकों को अतिरिक्त समय में कार्य करने के लिए नियमानुसार निर्धारित मानदेय एवं आवश्यकतानुसार चाय नाश्ते / खाने हेतु Contigency व्यय को मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत करने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**विनिश्चय** :– नियमानुसार मा० कुलपति महोदय के द्वारा प्रस्ताव के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया।

5. अन्य बिन्दु मा० अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

सुझाव / प्रस्ताव :– समन्वयक पी०एच०डी० डॉ० वाई.एस. नेगी द्वारा प्रस्ताव दिया गया कि पी०एच०डी० के कोर्सवर्क के मूल्यांकन एवं तद्नुसार उसका परीक्षा परिणाम घोषित करने एवं अंकपत्र निर्गत करने हेतु कार्यवाही परीक्षा विभाग द्वारा करायी जाय।

विनिश्चय :– परीक्षा समिति द्वारा इस आशय से सहमति व्यक्त की गयी कि इस कार्य हेतु पी०एच०डी० अनुभाग द्वारा परीक्षा विभाग को पूर्ण सहयोग एवं समस्त डाटा / इनपुट समयान्तर्गत उपलब्ध कराया जाय।

अन्त में अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की।

(मा० कुलपति)
अध्यक्ष

(परीक्षा नियंत्रक)
सदस्य – सचिव

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून
कार्यालय पता :सुद्धोवाला, पो०ऑ० –चंदनवाड़ी (प्रेमनगर), चकराता रोड, देहरादून–248007,
**Website: www.uktech.ac.in**

पत्रांक 73 / परीक्षा अनुभाग / यूटीयू / 2020 दिनाँकः 03 / 06 / 2020

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, कुलपति को मा० कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव, वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
3. वित्त नियंत्रक, वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
4. परीक्षा समिति के सभी सम्मानित सदस्यों एवं आमंत्रित सदस्यों को सूचनार्थ।

(परीक्षा नियंत्रक)